हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

17 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के लोगों की आकांक्षाओं से संचालित भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र अभूतपूर्व कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि प्रदेश में 28 फरवरी तक तीन नए आपराधिक क़ानून पूर्ण रूप से लागू किए जायेंगे।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2024 के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए। हरियाणा की मनु भाकर को ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार मिला।

- प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी,चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने भी महाकुंभ मेले में भाग लिया।

******************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के लोगों की आकांक्षाओं से संचालित भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र अभूतपूर्व कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है।श्री मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिवसीय भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित

कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश इस समय मोबिलिटी क्षेत्र में भविष्य को दिशा देने के लिए प्रत्येक निवेशक के लिए उत्कृष्ट गंतव्य स्थल बन गया है।देश के ऑटो उद्योग में पिछले वर्ष बारह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हरित प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधनों के विकास पर भी ध्यान दे रहा है।

*आज हम एक ऐसे मोबिलिटी सिस्टम के निर्माण में जुटे हैं, जो इकोनॉमी और इकोलॉजी दोनों को सपोर्ट करेगा। एक ऐसा सिस्टम जो फोसिल फ्यूल के हमारे इम्पोर्ट बिल को कम करे। इसलिए आज ग्रीन टेक्नोलॉजी, इविज, हाइड्रोजन फ्यूल, बायो फ्यूल्स, ऐसी टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट पर हमारा काफी फोकस है।*

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दशक में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 640 गुणा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पीएलआई स्कीम ने मेक इन इंडिया अभियान को नई गति प्रदान की है और दो लाख 25 हजार करोड रुपए से अधिक की बिक्री की है। श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में डे लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं।

**************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि प्रदेश में 28 फरवरी  तक तीन  नए आपराधिक क़ानून पूर्ण रूप से लागू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री करनाल स्थित मधुबन पुलिस अकादमी में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ की गई बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। बैठक के आरंभ में संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ी गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के हिसाब से व्यवस्था में आधारभूत

परिवर्तन करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए करीब 445 अदालतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा मुक्ति और नशा तस्करी को रोकने के लिए और सख्ती करने के निर्देश दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण भी जरूरी है। जो केंद्र मानकों पर खरा न उतरे उसको तुरंत बंद करने को कहा गया है।श्री नायब सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान में सभी विभागों के साथ साथ महिला और युवा जनप्रतिनिधियों की भागीदारी जरूरी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के बीच पुलिस का डर होना चाहिए। अधिकारी महिलाओं से जुड़े अपराध को लेकर गंभीरता दिखाए। उन्होंने कहा कि अपराध को लेकर वह लगातार खुद निगरानी कर रहे हैं।

*************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार और पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पाँच खेल प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया। जिनमें हॉकी प्रशिक्षक संदीप सांगवान शामिल हैं। 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।पैरालम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले

पानीपत के गाँव बुआन लाखु के नवदीप सिंह भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुए।

इसके अलावा हरियाणा से, भिवानी की मुक्केबाज नीतू घनघस ,हिसार में डाबडा गांव के अतंरराराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संजय कालीरामन, अंबाला के गाँव धीन के शूटर सरबजोत सिंह, मुक्केबाज स्वीटी बूरा, हाकी खिलाड़ी अभिषेक नैन, मुक्केबाज अमन सेहरावत सोनीपत के गांव भदाना निवासी पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता धर्मबीर नैन को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

*****************************************************

चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया प्रयागराज महाकुंभ मेले में भाग ले रहे हैं। वह दिन में संगम स्थल पर रहे ।

राज्यपाल गंगा आरती भी करेंगे।प्रयागराज महाकुंभ में अब तक करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

*****************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी खर्चे पर प्रयागराज महाकुंभ में ले जाने के निर्णय का वरिष्ठ नागरिकों ने स्वागत किया है। भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल न केवल सामाजिक समावेशिता और सम्मान को बढ़ावा देगी, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

*****************************************************

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नागरिक केंद्रित तीन पहलों नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन द्वितीय , संचार सारथी मोबाइल ऐप और इंटर सर्कल रोमिंग एट डीबीएम फंडेड **4G** मोबाइल सेट्स की शुरुआत की । कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए पंचकूला स्थित दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हरियाणा सर्कल के उप महानिदेशक अनुपालन अमित सिंगला ने बताया-

उन्होंने कहा कि पहले 2023 में संचार सारथी पोर्टल शुरू किया गया था जिसमें कई तरह की सुविधा दी गई थी। अब इसकी ऐप जारी होने से किसी के नाम पर चल रहे सभी मोबाइल कनेक्शन की जानकारी मिलेगी और रिपोर्ट भी की जा सकेगी। अगर मोबाइल खो गया हो तो कनेक्शन बंद करने के लिए ऐप पर उसकी रिपोर्ट की जा सकती है। आपका मोबाइल हैंडसेट असली है या नकली इसकी पहचान भी इस ऐप के द्वारा की जा सकती है।

-----------------